Name ....................................... Roll No. ....................................... RN

# वार्षिक परीक्षा-2023

समय-2.30 घण्टे　　　　कक्षा-IX　　　　पूर्णांक-70

## विषय-हिन्दी

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

### खण्ड-क "बहुविकल्पीय प्रश्न"-20

1. **हिन्दी प्रदीप पत्रिका के सम्पादक का नाम है-**
   (अ) हरिश्चन्द्र
   (ब) बालकृष्णभट्ट
   (स) प्रतापनारायण मिश्र
   (द) बालमुकुन्द गुप्त
2. **आदिकाल की अवधि है -**
   (अ) सन् 934 ई0 से 1318 ई0 तक
   (ब) सन् 933 ई0 से 1318 ई0 तक
   (स) सन् 933 ई0 से 1320 ई0 तक
   (द) सन् 936 ई0 से 1318 ई0 तक
3. **पृथ्वीराज रासो के रचयिता है -**
   (अ) दलपति विजय　　(ब) चन्दबरदायी
   (स) जगनिक　　(द) मधुकर
4. **ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि है -**
   (अ) सूरदास　　(ब) कबीरदास
   (स) तुलसीदास　　(द) केशवदास
5. **रामचरित मानस किस भाषा में लिखा गया है -**
   (अ) बघेली　　(ब) अवधी
   (स) राजस्थानी　　(द) खड़ीबोली
6. **कबीर का जन्म स्थान है -**
   (अ) प्रयाग　　(ब) काशी
   (स) मथुरा　　(द) मगहर
7. **श्रृंगार रस का स्थायी भाव है।**
   (अ) शांत　(ब) करूण　(स) रति　(द) निर्वेद

P.T.O.

8. चौपाई के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं -
(अ) 24 (ब) 13 (स) 11 (द) 16

9. माता-पिता, दिन-रात आदि के बीच किस विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है -
(अ) समता सूचक (ब) योजक (स) संक्षेप चिन्ह (द) अल्पविराम

10. अस्थि शब्द का तद्भव बताइए।
(अ) कलश (ब) हड्डी (स) अश्रु (द) अग्र

11. चिड़िया का तत्सम शब्द है -
(अ) कपोत (ब) चटका (स) कोकिल (द) चन्द्रिका

12. अज्ञान का विलोम है -
(अ) प्रखर (ब) ज्ञान (स) ज्ञानी (द) तेज

13. विराम का अर्थ बताइए।
(अ) आराम (ब) रूकना या ठहरना (स) रोकना (द) योजक

14. चंचल शब्द का विलोम है।
(अ) सजल (ब) स्थिर (स) चटका (द) कोकिल

15. दीया का तत्सम है -
(अ) विद्युत (ब) दीपक (स) रोशनी (द) बिजली

16. वधू+उत्सव की संधि होगी।
(अ) वधूत्सवः (ब) वधुत्सवः (स) वधोत्सवः (द) वधुउत्सव

17. रामम् शब्द में विभक्ति और वचन है -
(अ) द्वितीया एवं एकवचन (ब) द्वितीया एवं बहुवचन
(स) द्वितीया एवं द्विवचन (द) तृतीया एवं एकवचन

18. धातु किसे कहते है -
(अ) क्रिया (ब) सर्वनाम (स) संज्ञा (द) अव्यय

19. गच्छति शब्द में पुरूष और वचन है -
(अ) प्रथम पुरुष एवं एकवचन (ब) प्रथम पुरुष एवं द्विवचन
(स) मध्यम पुरुष एवं बहुवचन (द) प्रथम पुरुष एवं द्विवचन

20. लट् लकार किसे कहते हैं -
(अ) वर्तमानकाल (ब) भूतकाल
(स) भविष्यकाल (द) आज्ञार्थक

## खण्ड-ख

## खण्ड-ख "वर्णनात्मक प्रश्न"

21. निम्नलिखित गद्यांशों पर आधारित तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 8

गुरू नानक ने प्रेम का संदेश दिया है, क्योंकि मनुष्य-जीवन का जो चरम प्राप्तव्य है, वह स्वयं प्रेमरूप है। प्रेम ही उसका स्वभाव है। प्रेम ही उसका

साधन है। अरे ओ मनुष्य, सच्ची प्रीति से ही तेरा मान-अभिमान नष्ट होगा, तेरी छोटाई की सीमा समाप्त होगी, परममंगलमय शिव तुझे प्राप्त होगा। उसी सच्चे प्रेम की साधना तेरे जीवन का परमलक्ष्य है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) गुरू नानकदेव कुसंस्कारों को किस प्रकार दूर करते थे?

अथवा

आज के जमाने में स्त्री-जीवन संबंध के हमारे आदर्श हमने काफी बदल लिए हैं। आज कोई स्त्री अगर कस्तूरबा की तरह अशिक्षित रहे और किसी तरह महात्माकांक्षा का उदय उसमें न दिखाई दे तो हम उसका जीवन यशस्वी या कृतार्थ नहीं करेंगे। ऐसी हालत में जब कस्तूरबा की मृत्यु हुई तब पूरे देश ने स्वयं स्फूर्ति से उनका स्मारक बनाने का तय किया और सहज इकट्ठी न हो पाए इतनी बड़ी निधि इकट्ठी कर दिखाई। इससे यह सिद्ध होता है कि हमारा प्राचीन तेजस्वी आदर्श अब देशमान्य है। हमारी संस्कृति की जड़े आज भी काफी मजबूत हैं।

(क) गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) आज के स्त्री आदर्श क्या है?

(घ) कस्तूरबा के स्मारक बनाने हेतु आशा से अधिक राशि क्यों एकत्रित हो गई?

**22. दिए गए पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 8**

बसो मेरे नैनन में नंदलाल।
मोर मुकुट मकराकृत कुण्डल, अरूण तिलक दिये भाल।
मोहनि मूरति सॉवरि सूरति, नैना बने बिसाल।
अधर-सुधा-रस मूरली राजत, उर बैजंती-माल।।
छुद्र घंटिका कटि-तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।
मीरा प्रभु संतन सुखदाई, भक्त बछल गोपाल।।

अथवा

जाल परे जल जात बहि, तजि मीनन को मोह।
रहिमन मछरी नीर को तऊ न छांड़त मोह।।

**23. निम्न में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय दीजिए। 3**

(क) प्रेमचन्द (ख) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

**24. निम्न में से किसी एक कवि का जीवन परिचय दीजिए। 3**

(क) कबीरदास (ख) भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र

**25. निम्न में से किसी एक का संदर्भ सहित अनुवाद कीजिए। 4**

रामकृष्णः एकः विलक्षणः महापुरूषः अभवत्। तस्य विषये महात्मना गांधिना उक्तम्-"परमहंसस्य रामकृष्णस्य जीवनचरितं धर्माचरणस्य प्रायोगिकं विवरणं विद्यते। तस्य जीवनम् अस्मभ्यम् ईश्वरदर्शनाय शक्तिं प्रददाति। तस्य वचनानि न केवलं कस्यचित् नीरसानि ज्ञानवचनानि अपितु तस्य जीवनग्रन्थस्य पृष्ठानि" एव।

**अथवा**

वरमेको गुणी पुत्रो न च मुर्खशतैरपि।
एकश्चन्द्रस्तमोहन्ति न च तारागणैरपि।।

**26. निम्न में से किसी एक एकांकी का संक्षेप में कथावस्तु लिखिए।** 4

(क) दीपदान (ख) व्यवहार

**27. निम्नलिखित में से किसी दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए।** 2

(क) मनुष्याणां भूषणं किम् अस्ति?

(ख) भक्तः ईश्वरं किं याचते?

(ग) रामदासः कुत्र निवसति?

28. विद्यालय खेलकूद की समुचित व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

**निम्न में से किन्हीं दो वाक्यों के संस्कृत में अनुवाद कीजिए।**

(क) फूल खिलते हैं। (ख) विनोद पुस्तक पढ़ता है।

(ग) कृष्ण वसुदेव के पुत्र थे । (घ) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।

(ङ) अर्जुन विद्यालय जाता है।

**29. निम्न में से किसी एक पर निबंध लिखिए।** 5

(क) मेरा प्रिय कवि

(ख) प्रदूषण की समस्या

(ग) विद्यालयों में स्वास्थ्य शिक्षा

30. (क) श्रृंगार अथवा वीर रस की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

(ख) दोहा अथवा चौपाई छन्द की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

(ग) अनुप्रास अथवा यमक अलंकार की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

(घ) निम्न में से किन्हीं दो का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

(अ) यथाशक्तिः (ब) नगरवास (स) विश्रामगृह (द) आजन्म

❖❖❖